बहुजन हिताय! बहुजन सुखाय!

# सक्षम भारत

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | इन्द्रजीत सिंह, मुख्य संवाददाता/सचिव, CNSI-Delhi

दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश से प्रसारित

www.sakshambharat;net, E-mail : saksham.bharat@hotmail.com

Member : CENTRAL NEWSPAPER SOCIETY OF INDIA DELHI

● वर्ष: 24 ● अंक: 218 ● नई दिल्ली ● मंगलवार 16 जून 2026 ● प्रभात कालीन ● मूल्य: 3 रूपया ● पृष्ठ: 4

रिपब्लिकन मजदूर संगठन के सदस्य बनें

E-mail : rmsdp@hotmail.com

अनागरिक गीता भारती भवन
बी-2/370, सुल्तानपुरी
दिल्ली-86

### यात्री से जब्त किया गया सोना लौटाए कस्टम विभाग, दिल्ली हाई कोर्ट का आदेश

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने एयरपोर्ट पर जब्त किए गए सोने को एक यात्री को तत्काल वापस करने का आदेश दिया है। अदालत ने रिकॉर्ड पर लिया कि जब्त किया गया सोना वापस करने का आदेश अपील में पहले ही दिया गया था और पुनरीक्षण याचिका में भी निर्णय को सही ठहराया गया था। अदालत ने कहा कि कस्टम विभाग को संबंधित सोने की चीजें शर्तों को पूरा करने के बाद याचिकाकर्ता को तुरंत वापस कर देनी चाहिए। यह मामला बैंकाक से भारत आ रहे हरीश कुमार के पास मौजूद सोने के गहनों को रोके जाने से जुड़ा था। न्यायमूर्ति नितिन वासुदेव साम्ब्रे व न्यायमूर्ति अजय दिगपॉल की पीठ ने कहा कि 27 जून 2025 के एक आदेश के तहत याची को राहत दी जा चुकी है .

## 17 जून कोटा चलो! राहुल गांधी की अपील- पेपर लीक के खिलाफ़ एकजुट हो युवा, आवाज़ बनो



**नई दिल्ली ।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को छात्रों और नौकरी की तलाश कर रहे युवाओं से 17 जून को राजस्थान के कोटा में होने वाले छात्रों की गूंज विरोध प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की। विपक्ष के नेता ने सरकार पर आरोप लगाया कि बार-बार परीक्षा के पेपर लीक होने, परीक्षाएं रद्द होने और भर्ती प्रक्रिया में देरी के कारण सरकार भारत के युवाओं को निराश करने में विफल रही है। गांधी ने द्व पर कहा कि आज के भारत में युवाओं को सपने देखने की हिम्मत करने के लिए सज़ा दी जा रही है और कड़ी मेहनत से अब सफलता की गारंटी नहीं मिलती। उन्होंने कहा कि हर पेपर लीक, रद्द हुई परीक्षा और रुकी हुई भर्ती प्रक्रिया एक सिस्टम की विफलता है और यह लाखों छात्रों और नौकरी चाहने वालों के सपनों पर एक चोट है। युवाओं में निराशा और गुस्से को समझते हुए गांधी ने कहा कि जब सरकार सुनने से इनकार कर दे, तो लोगों को अपनी आवाज़ और ज़ोर से उठानी चाहिए। उन्होंने छात्रों से कोटा में एकजुट होने और अपनी चिंताओं को ऐसा बनाने के लिए कहा जिन्हें नज़रअंदाज़ करना नामुमकिन हो। गांधी ने इस अभियान को भारत के युवाओं के भविष्य की लड़ाई बताते हुए कहा कि आइए हम सब मिलकर एक ऐसी दहाड़ बनें जिसे नज़रअंदाज़ न किया जा सके। कोटा से शुरू होकर, यह देश के हर कोने तक पहुँचे। कांग्रेस ने परीक्षा में गड़बड़ी, पेपर लीक और सरकारी भर्ती में देरी जैसे मुद्दों को एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा बनाने की कोशिश की है और छात्रों तथा नौकरी के उम्मीदवारों से जुड़ी चिंताओं को लेकर केंद्र सरकार को घेरा है। गांधी ने कहा कि वे निष्पक्ष अवसरों और रोज़गार के लिए छात्रों के संघर्ष में उनके साथ खड़े हैं। 17 जून का कार्यक्रम कोटा के दशहरा मैदान स्थित श्री राम रंगमंच पर आयोजित किया जाएगा। यह शिक्षा बचाओ, अपना भविष्य बचाओ अभियान के तहत देशव्यापी आउटरीच कार्यक्रम का पहला पड़ाव होगा। इस अभियान के तहत आगे 10 जुलाई को इलाहाबाद, 11 जुलाई को पटना और 14 जुलाई को दिल्ली जाने का कार्यक्रम है। यह सब कॉकरोच जनता पार्टी के देशव्यापी अभियान के बीच हो रहा है। यह एक व्यंग्यात्मक संगठन है जो पूरे देश में विरोध-प्रदर्शन कर रहा है और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफ़े की मांग कर रहा है। यह मांग परीक्षा में कथित गड़बड़ियों द्व जैसे नीट पेपर लीक और सीबीएसई के ऑन-स्क्रीन मार्किंग सिस्टम से जुड़ी समस्याओं - को लेकर की जा रही है।

## दिल्ली-एनसीआर में बदला मौसम का मिजाज, नोएडा में तेज आंधी, दिन में ही छाया अंधेरा

**नई दिल्ली ।** सोमवार की सुबह दिल्ली-एनसीआर में मौसम ने करवट ली, जिससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली। गुरुग्राम सहित राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के कई इलाकों में सुबह-सुबह हुई बारिश ने मौसम को खुशनुमा बना दिया। इस बदलाव से तापमान में गिरावट दर्ज की गई और उमस भरी गर्मी से लोगों को बड़ी राहत मिली। नोएडा समेत दिल्ली एनसीआर के कई इलाकों में दोपहर में तेज आंधी देखने को मिली। आसमान में काले बादल छा गए। बारिश की बूंदों ने दिन की शुरुआत के साथ ही गर्मी के तेवर को नरम कर दिया। गुरुग्राम-दिल्ली समेत एनसीआर के अन्य हिस्सों में हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश दर्ज की गई। इस मौसमी बदलाव का सीधा असर दिन के तापमान पर देखने को मिला, जो सामान्य से कुछ डिग्री नीचे चला गया। लोगों ने इस सुहावने मौसम का आनंद लिया और कई जगहों पर लोग अपने घरों से बाहर निकलकर इस बदलाव का अनुभव करते नजर आए। राजधानी में रविवार को गर्मी के कारण लोग बेहाल दिखे। 24 घंटे में न्यूनतम तापमान में 4.8 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान में 2.9 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई। अगले एक सप्ताह तक कड़ी धूप निकलने की संभावना है। मौसम विज्ञान विभाग की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार 20 जून तक अधिकतम तापमान 41 से 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान है। रविवार सुबह से पहले न्यूनतम तापमान 26.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। 24 घंटे में न्यूनतम तापमान में 4.8 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गई। हालांकि, यह अभी भी सामान्य से 1.8 डिग्री सेल्सियस कम रहा। दोपहर में तापमान में तेजी से बढ़ोतरी हुई। इस दौरान अधिकतम तापमान 38.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। 24 घंटों में 2.9 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गई। यह सामान्य से 1.4 डिग्री सेल्सियस कम रहा। मौसम विज्ञान विभाग ने सोमवार दोपहर से शाम तक 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से धूल भरी आंधी चलने और कहीं-कहीं बूंदाबांदी होने का अनुमान जताया था।

## यह नया व्यवसाय बन गया है - आरटीआई एक्टिविम पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी, आरोपियों को अग्रिम जमानत देने से इनकार

**नई दिल्ली ।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत सक्रियता को एक नया व्यवसाय करार देते हुए एक आरटीआई कार्यकर्ता और सड़क निर्माण कार्य में सरकारी कर्मचारी को बाधा पहुंचाने के आरोपी अन्य लोगों की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस विजय बिश्नोई की बेंच ने आरटीआई एक्टिविस्ट राकेश कुमार बहल और उनके सहयोगी को जमानत देने से इनकार कर दिया और सड़क निर्माण के काम की निगरानी करने के उनके अधिकार पर भी सवाल उठाए। जस्टिस मेहता ने कहा, आरटीआई सक्रियता लोगों के बीच एक नया व्यवसाय बन गया है। केंद्र सरकार ने फंड जारी किया है, वही सड़क निर्माण का ध्यान रखेगी। आप कोई नहीं हैं। तथाकथित आईटीआई एक्टिविस्ट! येलो जर्नलिम... याचिका खारिज। जस्टिस मेहता की राय से सहमत होते हुए जस्टिस बिश्नोई ने कहा, इन सभी सड़कों के निर्माण की निगरानी करने वाले आप कौन हैं? क्या आप कोई उच्च अधिकारी हैं या क्या हैं? बहल ने पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी है जिसमें उन्हें अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया गया था। उनके वकील ने तर्क दिया कि उन्हें इस मामले में झूठा फंसाया गया है क्योंकि उन्होंने सड़क निर्माण कार्य में शामिल भ्रष्टाचार को उजागर किया था। एफआईआर के अनुसार, बहल ने एक अन्य आरोपी राजीव कुमार उर्फ मिंटू के साथ मिलकर पंजाब के गुरदासपुर जिले के बटाला में चल रहे सड़क निर्माण कार्य में बाधा डाली और उस शिकायतकर्ता को भी धमकाया जिसकी देखरेख में काम हो रहा था और साइट पर मौजूद मजदूरों को भी डराया-धमकाया। उन्होंने मजदूर के खिलाफ अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया और शिकायतकर्ता को चोट भी पहुंचाई। उनके खिलाफ बीएनएस 2023 की धारा 304(2), 132, 221, 121(1), 351(2), 351(3) (बीएनएस 2023 की धारा 3(5), 121(2) और एससी/एसटी एक्ट की धारा 3(1)) के तहत एफआईआर दर्ज की गई थी । पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने 14 मई के अपने आदेश में कहा कि एफआईआर में लगाए गए आरोप सरकारी काम में बाधा डालने में उनकी विशिष्ट और सीधी संलिप्तता को दर्शाते हैं। मामले की सुनने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया।

## दिल्ली में बिजली बिल पर बड़ा अपडेट, सब्सिडी वाले लाखों उपभोक्ताओं पर नहीं पड़ेगा पीपीएसी का बोझ

**नई दिल्ली ।**

दिल्ली के लाखों बिजली उपभोक्ताओं के लिए राहत की खबर है. पावर परचेज एडजस्टमेंट चार्ज हीं करना पड़ेगा. दिल्ली सरकार का दावा है कि सब्सिडी योजना का लाभ लेने वाले उपभोक्ताओं पर इस फैसले का असर बेहद सीमित रहेगा. ऊर्जा मंत्री आशीष सूद के अनुसार दिल्ली के कुल 74 लाख बिजली उपभोक्ताओं में से करीब 43.7 प्रतिशत ऐसे हैं, जिन्हें या तो पूरी सब्सिडी मिल रही है या वे आंशिक सब्सिडी के दायरे में आते हैं. ऐसे उपभोक्ताओं के बिजली बिल पर पीपीएसी बढ़ोतरी का कोई खास प्रभाव नहीं पड़ेगा. सरकार का कहना है कि अतिरिक्त भार केवल उन उपभोक्ताओं पर पड़ेगा, जिनकी मासिक बिजली खपत 400 यूनिट से अधिक है. हालांकि उनके लिए भी यह बढ़ोतरी सीमित रहेगी और अधिकतम 2.5 प्रतिशत तक ही असर दिखाई देगा. ऐसे में आम घरेलू उपभोक्ताओं को यादा चिंता करने की आवश्यकता नहीं है ऊर्जा मंत्री ने बताया कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष का असर वैश्विक ऊर्जा बाजार पर पड़ा है.

कचे तेल की कीमतों में तेजी आने के बाद कोयले की लागत भी बढ़ गई. इससे बिजली उत्पादन करने वाली कंपनियों का खर्च बढ़ा और वितरण कंपनियों को महंगी दरों पर बिजली खरीदनी पड़ी. बिजली वितरण कंपनियों ने बढ़ी हुई लागत का हवाला देते हुए दिल्ली विद्युत नियामक आयोग से पीपीएसी में 31 प्रतिशत तक बढ़ोतरी की अनुमति मांगी थी. लेकिन आयोग ने कंपनियों की इस मांग को स्वीकार नहीं किया और केवल 2.4 प्रतिशत बढ़ोतरी को मंजूरी दी. इससे उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिली है. सरकारी आंकड़ों के मुताबिक दिल्ली में 32.34 लाख ऐसे उपभोक्ता हैं, जिन्हें 200 यूनिट तक बिजली उपयोग पर 100 प्रतिशत सब्सिडी मिलती है. वहीं अधिक खपत की स्थिति में भी उन्हें 50 प्रतिशत तक की राहत दी जाती है. ऐसे उपभोक्ताओं पर पीपीएसी बढ़ोतरी का प्रभाव लगभग नहीं के बराबर रहेगा. दिल्ली के लगभग 41.66 लाख उपभोक्ता ऐसे हैं, जिन पर PPAC का असर पड़ सकता है. इनमें बड़ी संख्या कमर्शियल और इंडस्ट्रियल श्रेणी के उपभोक्ताओं की है. माना जा रहा है कि बढ़ी हुई लागत का प्रभाव मुख्य रूप से इसी वर्ग पर देखने को मिलेगा.

## जन-भागीदारी से बदलेगी दिल्ली की तस्वीर! दिल्ली के 28 घाटों पर मेगा सफाई अभियान

**नई दिल्ली ।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को घोषणा की कि राष्ट्रीय राजधानी के 28 घाटों पर यमुना की सफाई का एक बड़ा अभियान चलाया गया, जिसमें हज़ारों लोगों ने हिस्सा लिया।

इस अभियान का मकसद नदी और उसके आस-पास के इलाकों की सफ़ाई करना था। गुप्ता ने इस अभियान में लोगों की अलग-अलग तरह की भागीदारी पर ज़ोर देते हुए कहा कि रविवार को दिल्ली के 28 घाटों पर यमुना की सफ़ाई का एक बड़ा अभियान शुरू किया गया, जिसमें हज़ारों लोगों ने हिस्सा लिया। मैंने देखा कि बच्चों से लेकर बुज़ुर्गों तक, सभी ने इस सफ़ाई अभियान में भाग लिया। सफ़ाई अभियान के दौरान मिले कचरे के बारे में मुख्यमंत्री ने कहा कि वहाँ हमें प्लास्टिक की थैलियाँ, पूजा-पाठ का सामान और टूटी हुई मूर्तियाँ मिलीं। इसका क्या समाधान है? मुझे लगता है कि इस तरह के सफ़ाई अभियान नियमित रूप से चलाने की ज़रूरत है। उन्होंने आगे कहा कि रिवरफ़्रंट इलाकों में मिलने वाले कचरे के प्रकार के हिसाब से ही कचरा प्रबंधन की रणनीतियां बनाई जाएंगी। गुप्ता ने समझाया कि वहां मिलने वाली हर तरह की चीज़ के लिए हमें अलग-अलग तरह से कचरा प्रबंधन करना होगा। मुख्यमंत्री ने नागरिकों से यमुना को साफ़ रखने में सक्रिय रूप से शामिल होने और पर्यावरण से जुड़ी मौजूदा पहलों का समर्थन करने की अपील की। दिल्ली सरकार सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट को अपग्रेड करके यमुना को साफ़ करने की कोशिश कर रही है और दिल्ली को साफ़-सुथरा और हरा-भरा बनाने के मकसद से पेड़-पौधे लगाकर नदी के किनारे को फिर से बेहतर बनाने की योजना बना रही है। गुप्ता ने पूजा-पाठ की चीज़ों के निपटारे के बारे में भी सीधे तौर पर अपील की। उन्होंने इन चीज़ों की पवित्रता और इस्तेमाल के बाद इनके ज़िम्मेदार तरीके से निपटारे की ज़रूरत पर ज़ोर दिया। रविवार को मुख्यमंत्री ने खुद इस अभियान में हिस्सा लिया और वॉलंटियर्स का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि दिल्ली के 28 यमुना घाटों की सफाई के लिए आगे आने वाले सभी युवाओं, सफाई कर्मचारियों, वॉलंटियर्स, सामाजिक संगठनों और इस अभियान से जुड़े 500 से ज़्यादा संस्थानों और एनजीओ पार्टनर्स का दिल से धन्यवाद।

## तुगलकाबाद आगजनी के तीनों आरोपितों पर लगेगा मकोका! एविल इंजेक्शन की तस्करी बनी तीन मौतों की वजह

**दक्षिणी दिल्ली।** तुगलकाबाद एक्सटेंशन में 12 जून को आग लगाने की घटना में गिरफ्तार तीनों बालिग आरोपितों निरंजन, राजकुमार व सरिता को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें चार दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस आरोपितों पर मकोका लगाने का तैयारी भी कर रही है। आरोपित संगठित गिरोह के तौर पर नशे के कारोबार के साथ ही अन्य गैरकानूनी गतिविधियों में लिप्त थे। आरोपितों से अब पूरे नेटवर्क का पता लगाने के लिए पूछताछ की जा रही है। एविल वायल के साथ नींद की गोलियां चिपकाकर ई-रिक्शा चालकों, नाबालिगों को गली-गली बिकवाते थे। एविल इंजेक्शन की 400 वायल की एक पेटी आरोपितों ने तुगलकाबाद गली नंबर एक में उक्त इमारत में रहने वाले दीपक को दी थी। वह बार-बार इसे पुलिस को देने की बात कर रहा था, जिसको लेकर सरिता व दीपक से कई बार बहस भी हो चुकी थी। इसी अदावत में दीपक की स्कूटी जलवाई गई, लेकिन आग पार्किंग में खड़ी अन्य बाइकों तक फैल गई। घटना में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई थी।

## पीएम मोदी बोले- टेक्नोलॉजी हमारे संबंधों का आधार, भारत-स्लोवाकिया के बीच कई अहम समझौते

**नई दिल्ली ।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके स्लोवाकियाई समकक्ष रॉबर्ट फिचो के बीच ब्रातिस्लावा कैसल में अहम मुलाकात हुई। दोनों के अहम बैठक हुई, जिसके बाद एक संयुक्त प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने इस दौरे को ऐतिहासिक बताया और भारत-ईयू एफटीए को अंतिम रूप देने में स्लोवाकिया की मदद का आभार भी जताया। साझा वक्तव्य के दौरान पीएम मोदी ने कहा, प्रधानमंत्री और मैंने हमारे सहयोग को नई दिशा और नई गति देने के बारे में विस्तार से चर्चा की। हमारे द्विपक्षीय व्यापार और आर्थिक साझेदारी में हुई प्रगति हमारे लिए संतोष की बात है। हालाँकि, हमारी क्षमताएं बहुत अधिक हैं और हमारी आकांक्षाएं उससे भी कहीं अधिक हैं। पीएम मोदी ने कहा, हमारे आत्मीयता भरे स्वागत के लिए मैं प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको अनुभवी नेता होने के साथ भारत के सच्चे मित्र हैं। भारत स्लोवाकिया के संबंधों को नई ऊंचाई तक पहुंचाने में उनकी मित्रता और अटूट प्रतिबद्धता का विशेष महत्व रहा है। मुझे खुशी है कि आज उनसे मिलकर हमारे संबंधों में एक ऐतिहासिक पल के साक्षी बनने का शुभ अवसर मिला।

मेरी ये यात्रा किसी भी भारतीय प्रधानमंत्री की स्लोवाकिया की पहली यात्रा है। पीएम मोदी ने कहा कि, इंडिया-ईयू, एफटीए को अंतिम रूप देने में स्लोवाकिया से मिले सहयोग के लिए मैं प्रधानमंत्री जी का विशेष आभार व्यक्त करता हूं। हम इसके जल्द से जल्द इम्प्लीमेंटेशन के लिए काम करेंगे ताकि दोनों देशों के उद्योग, स्टार्टअप्स और ट्रेडर्स इसका अधिकतम लाभ उठा सकें। टेक्नोलॉजी हमारी भावी साझेदारी का महत्वपूर्ण स्तंभ है। डिजिटल टेक्नोलॉजी पर आज किए गए समझौते इसे डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर में सहयोग की नई संभावनाएं बनाएंगे। मुझे खुशी है कि स्लोवाकिया की एक यूनिवर्सिटी में एआई के विषय पर इंडिया चेयर स्थापित की जा रही है। एआई मानवता की सेवा और प्रगति का सशक्त माध्यम बने, यही हमारी साचा सोच है। हमारा मानना है कि एआई का भविष्य केवल इनोवेशन से नहीं बल्कि ट्रस्ट, रिस्पॉन्सिबिलिटी और ह्यूमन डिग्निटी पर आधारित होना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, सिविल न्यूक्लियर एनर्जी भी दोनों देशों के लिए मुख्य प्राथमिकता का क्षेत्र है। हमने इस क्षेत्र में दोनों देशों की इंडस्ट्रीज और एक्सपर्ट्स के बीच सहयोग बढ़ाने पर बल दिया। रक्षा सहयोग हमारे गहरे आपसी विश्वास और स्ट्रेटेजिक कन्वर्जेंस का प्रमाण है। मुझे खुशी है कि इस महत्वपूर्ण क्षेत्र में आज हमने लेटर ऑफ इंटेंट साइन किया। इससे साझा विकास, साझा उत्पादन और डिफेंस इंडस्ट्रीज के बीच सहयोग को नई गति मिलेगी। वैश्विक मंच पर भी भारत और स्लोवाकिया करीबी सामंजस्य से आगे बढ़ रहे हैं। हम सहमत हैं कि सभी विवादों और तनावों का समाधान शांतिपूर्ण तरीके से किया जाना चाहिए।

# सलेमपुर में सरकारी योजनाओं की महाचौपाल- राज्य मंत्री ने बांटे स्वीकृति पत्र और दिव्यांगों को ट्राइसाइकिल



देवरिया।

केंद्र सरकार के गौरवशाली 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिला प्रशासन द्वारा ग्रामीण अंचलों में सरकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने की मुहिम तेज कर दी गई है। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी के निर्देशन में सोमवार को सलेमपुर तहसील सभागार में सोशल सेक्टर (सामाजिक क्षेत्र) से जुड़े विभिन्न विभागों का एक विशाल जनकल्याणकारी शिविर आयोजित किया गया। ÷सेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मान÷ की मूल भावना पर आधारित इस विधिक शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश की ग्राम्य विकास राज्य मंत्री विजयलक्ष्मी गौतम उपस्थित रहीं। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को मौके पर ही प्रमाण-पत्र, पेंशन पत्र और दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल का विधिक वितरण किया। समारोह को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार समाज के गरीब, पिछड़े, मजलूम और बेसहारा नागरिकों के सामाजिक व आर्थिक उत्थान के लिए पूरी विधिक प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। अंतिम पायदान पर बैठे पात्र व्यक्ति तक शासकीय योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचाना प्रशासनिक मशीनरी की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने शिविर में मौजूद समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों से अपेक्षा की कि वे फाइलों को दबाने के बजाय सक्रिय होकर प्रत्येक जरूरतमंद को चिन्हित करें, ताकि कोई भी विधिक लाभार्थी लाभ से वंचित न रह सके। प्रशासनिक पारदर्शिता के साथ आयोजित इस शिविर में समाज कल्याण विभाग की ओर से 16 मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति स्वीकृति प्रमाण-पत्र और 10 बुजुर्गों को वृद्धावस्था पेंशन स्वीकृति पत्र सौंपे गए। इसी तरह दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा 6 दिव्यांग लाभार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से ट्राइसाइकिल प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की ओर से 7 छात्रों को छात्रवृत्ति पत्र, महिला कल्याण विभाग की ओर से मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना व निराश्रित महिला पेंशन के 10 लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र और अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा 10 छात्र-छात्राओं को वजीफा वितरित किया गया। जिला समाज कल्याण अधिकारी एवं शिविर के नोडल सुधीर पाण्डेय के संयोजन में हुए इस सफल आयोजन में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमरेश, पुनीत यादव, अभिषेक जायसवाल सहित बड़ी संख्या में लाभार्थी उपस्थित रहे। प्रशासन के अनुसार, इसी श्रृंखला का अगला शिविर 17 जून को तहसील बरहज में आयोजित होगा।

# जनसमस्याओं को लेकर सपा का शक्ति प्रदर्शन, जिला मुख्यालय पर गरजे सपाई



कुशीनगर।

महंगाई, बेरोजगारी, नीट पेपर लीक, पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों, खाद-बीज संकट, नीलगायों एवं आवारा पशुओं से किसानों को हो रहे नुकसान, बिजली संकट तथा अन्य जनहित के मुद्दों को लेकर समाजवादी पार्टी ने सोमवार को जिला मुख्यालय पर विशाल धरना-प्रदर्शन किया। पूर्व विधान परिषद सदस्य एवं जिलाध्यक्ष राम अवध यादव के नेतृत्व में आयोजित इस प्रदर्शन में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं का भारी जनसमूह उमड़ा। प्रदर्शन के दौरान सरकार विरोधी नारों से जिला मुख्यालय गूंज उठा और बाद में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) वैभव मिश्रा को ज्ञापन सौंपकर विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग की गई। धरने को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष राम अवध यादव ने कहा कि प्रदेश और देश की जनता महंगाई, बेरोजगारी और किसान विरोधी नीतियों से त्रस्त है। युवाओं के भविष्य के साथ लगातार खिलवाड़ हो रहा है, जबकि किसानों को खाद, बीज और सिंचाई जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी जनता के हक और सम्मान की लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक लड़ती रहेगी। पूर्व जिलाध्यक्ष एवं पडरौना विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी राजेंद्र उर्फ मुन्ना यादव ने कहा कि सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है। बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है, जबकि शिक्षा व्यवस्था और प्रतियोगी परीक्षाओं की पारदर्शिता पर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता अब बदलाव का मन बना चुकी है और समाजवादी पार्टी उसके संघर्ष की मजबूत आवाज बनेगी। कुशीनगर विधानसभा से सपा नेता राजेश प्रताप राव 'बंटी' ने कहा कि किसानों, नौजवानों और गरीबों की समस्याओं के प्रति सरकार पूरी तरह उदासीन बनी हुई है। आवारा पशुओं से किसानों की फसलें बर्बाद हो रही हैं, बिजली संकट से जनजीवन प्रभावित है और रोजगार के अवसर लगातार घट रहे हैं। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी जनता के मुद्दों को लेकर लगातार संघर्ष करती रहेगी और अन्याय के खिलाफ आवाज बुलंद करती रहेगी। धरना-प्रदर्शन में पूर्व जिलाध्यक्ष एवं फाजिलनगर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी इलियास अंसारी, पूर्व प्रत्याशी विजेंद्र पाल उर्फ बबलू यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य बजरंगी यादव, जिला पदाधिकारी मारकंडेय त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहे। राजनीतिक जानकारों की मानें तो वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव से पूर्व आयोजित यह कार्यक्रम केवल विरोध प्रदर्शन ही नहीं बल्कि समाजवादी पार्टी की संगठनात्मक ताकत और चुनावी तैयारी का भी बड़ा प्रदर्शन माना जा रहा है।

# कपड़ा डालते समय करंट की चपेट में आए युवक की मौत,बचाने गई पत्नी झुलसी



( मृतक बिन्स राजभर का फाइल फोटो )

भटनी देवरिया।

भटनी क्षेत्र के बभनौली कला गांव में करंट लगने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसे बचाने गई उसकी पत्नी गंभीर रूप से झुलस गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। जानकारी के अनुसार बभनौली कला निवासी बिन्स राजभर घर के छत पर रेंगनी

**एक वर्षीय बेटे के सिर से उठा पिता का साया, गांव में शोक**

पर कपड़ा डालने गए थे। इसी दौरान वह अचानक विद्युत करंट की चपेट में आ गए। पति को बचाने के प्रयास में उनकी पत्नी प्रतिमा देवी भी करंट की चपेट में आकर झुलस गईं। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। परिजन और ग्रामीण दोनों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भटनी लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने बिन्स राजभर को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से झुलसी प्रतिमा देवी को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज देवरिया रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि मृतक का एक वर्ष का बेटा भी है। इस दर्दनाक घटना से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

# ट्रक के पिछले पहिए की चपेट में आने से सेवानिवृत्त बैंककर्मी की मौत

तमकुहीराज (कुशीनगर)। राष्ट्रीय राजमार्ग-28 पर सोमवार शाम हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में सेवानिवृत्त बैंककर्मी की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया, जबकि चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। जानकारी के अनुसार, तमकुहीराज थाना क्षेत्र के माधोपुर बुजुर्ग टोला देवला पोखरा निवासी 65 वर्षीय सत्यनारायण शर्मा पुत्र स्वर्गीय अदालत शर्मा सोमवार शाम अपनी मोटरसाइकिल से तमकुहीराज बाजार जा रहे थे। शाम करीब सवा पांच बजे वह गाजीपुर बैरियर स्थित टाटा मोटर्स के समीप पहुंचे थे। इसी दौरान स्क्रैप लदा एक ट्रक, जो गोवाहाटी से पंजाब की ओर जा रहा था, सड़क किनारे वाहन को पीछे कर रहा था। बताया जाता है कि ट्रक चालक ने पर्याप्त सावधानी नहीं बरती, जिसके चलते बाइक सवार सत्यनारायण शर्मा ट्रक के पिछले पहिए की चपेट में आ गए। हादसा इतना गंभीर था कि उनकी मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। घटना की जानकारी मिलते ही तमकुहीराज पुलिस मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई पूरी करते हुए पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल कुशीनगर भेज दिया। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है तथा चालक की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है और तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। सत्यनारायण शर्मा के निधन की खबर मिलते ही परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई। क्षेत्र के लोगों ने भी घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए मृतक के परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की है।

# अनियंत्रित होकर गिरी बाइक, युवक गंभीर रूप से घायल

कुशीनगर। थाना क्षेत्र के तरया बैंकुठ गांव में सोमवार दोपहर एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से उसे तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार, तरया बैंकुठ निवासी 36 वर्षीय अवधेश खरवार पुत्र हरिछन खरवार अपनी मोटरसाइकिल की मरम्मत कराने के लिए घर से गांव के चौराहे की ओर जा रहे थे। दोपहर करीब तीन बजे रास्ते में उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। हादसे में अवधेश गंभीर रूप से घायल हो गए और सड़क पर गिर पड़े। घटना के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने तत्काल उन्हें निजी वाहन से रविंद्र नगर धुस स्थित जिला अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने घायल का प्राथमिक उपचार शुरू किया। डॉक्टरों के अनुसार दुर्घटना में उनके मुंह और पैर में गंभीर चोटें आई हैं तथा उन्हें चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया है। घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस भी मामले की जानकारी जुटाने में लगी हुई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार हादसा बाइक का संतुलन बिगड़ने के कारण हुआ। पुलिस दुर्घटना के वास्तविक कारणों की जांच कर रही है। ग्रामीणों ने बताया कि दुर्घटना अचानक हुई, जिससे आसपास मौजूद लोग भी कुछ देर के लिए सकते में आ गए। समय रहते उपचार मिलने से घायल की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

# बाइकों की भिड़ंत में युवक घायल, एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया

भटनी देवरिया। बांस घांटी स्थित केरवनिया पुल के पास दिन सोमवार दोपहर दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में एक युवक घायल हो गया। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भटनी पहुंचाया। जानकारी के अनुसार, मोतीपुर टिकैत निवासी बच्चन जायसवाल (45) पुत्र मलई जायसवाल बाइक से किसी कार्य से भटनी बाजार जा रहे थे। इसी दौरान केरवनिया पुल के पास सामने से आ रही दूसरी बाइक से उनकी टक्कर हो गई। टक्कर के बाद उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में जा गिरी। हादसे में बच्चन जायसवाल के चेहरे पर गंभीर चोटें आईं।

# गड़ौरा बाजार में बिजली विभाग की बड़ी कार्रवाई- 70 बकायेदारों के कनेक्शन काटे, 1.10 लाख की वसूली

निचलौल।

क्षेत्र के गड़ौरा बाजार में सोमवार को विद्युत विभाग की ग्रामीण टीम द्वारा चलाए गए विशेष संघन जांच अभियान से बकायेदार उपभोक्ताओं में हड़कंप मच गया। ग्रामीण अवर अभियंता मुकेश कुमार के नेतृत्व में विभागीय टीम ने क्षेत्र में व्यापक जांच करते हुए बकाया बिजली बिलों, लोड सत्यापन तथा विद्युत उपयोग की स्थिति का निरीक्षण किया। अवर अभियंता ग्रामीण मुकेश कुमार ने बताया कि अभियान के दौरान लंबे समय से बिजली बिल का भुगतान न करने वाले 70 बड़े बकायेदार उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन काट दिए गए। विभाग की इस सख्त कार्रवाई से क्षेत्र के अन्य बकायेदारों



में भी खलबली मची रही। जांच के दौरान टीम ने उपभोक्ताओं को बकाया बिल जमा करने के लिए प्रेरित किया गया। जिसके परिणामस्वरूप मौके पर ही कुल 1 लाख 10 हजार रुपये की वसूली भी की गई। इसके अलावा जांच में कई उपभोक्ताओं द्वारा स्वीकृत क्षमता से अधिक विद्युत भार का उपयोग करने की शिकायतें भी सामने आईं। इस पर कार्रवाई करते हुए पांच उपभोक्ताओं का विद्युत लोड बढ़ाया गया। वहीं, तीन उपभोक्ता घरेलू कनेक्शन पर व्यावसायिक गतिविधियां संचालित करते पाए गए। ऐसे मामलों में विभाग ने नियमानुसार उनके कनेक्शन की श्रेणी घरेलू से बदलकर कमर्शियल कर दी गई है। इन्होंने आगे बताया कि राजस्व वसूली बढ़ाने तथा विद्युत व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया गया है। उपभोक्ताओं से समय पर बिजली बिल जमा करने और निर्धारित नियमों के अनुसार ही विद्युत उपयोग करने की अपील की गई है।

# दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत तीन युवक घायल

भटनी देवरिया।

भटनी थाना क्षेत्र के जगरनाथ छपरा गांव के पास रविवार देर रात दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने हुई जोरदार टक्कर में तीन युवक घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार खामपार थाना क्षेत्र के कुकुरघाटी निवासी अनीफ शर्मा (35) व कृष्णा शर्मा (21) एक बाइक से घर लौट रहे थे, जबकि जगरनाथ छपरा निवासी आयुष गुप्ता (20) बाजार से अपने घर जा रहे थे। प्राथमिक विद्यालय के पास दोनों बाइकों की जोरदार टक्कर हो गई। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस के चालक कामक्ष व ईएमटी चंदन ने घायलों



को प्राथमिक उपचार देते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भटनी पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज देवरिया रेफर कर दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

